आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–3 की सफलता का जश्न मनाया। यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि इसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान पर विभिन्न राज्यों में और विश्व संस्कृत दिवस पर लिथुएनिया के एक प्रोफेसर वायतिस विदुनास द्वारा किये गये संस्कृत ऑन द रीवर्स नामक अनूठे प्रयासों की चर्चा भी की।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और श्एक पेड़ मां के नामश अभियान में भाग लेने का आग्रह करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने अगले कुछ दिनों में शुरू हो रहे पेरिस पैरालिम्पिक्स में हैश टेग चीयर फॉर भारत के साथ खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने आगामी त्योहारों – जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नवी और तेलुगु भाषा दिवस के लिए लोगों को बधाई भी दी।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत प्रदेश के कई जिलों में लोगों ने उनका संबोधन सुना । लोगों ने मन की बात की इस 113वीं कड़ी को प्रेरणादायक बताया।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीएस लागू करने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों को लाभांवित करता यह युगांतकारी निर्णय उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सुखद भविष्य की सुनिश्चितता का नया सूर्योदय लेकर आया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए कल युनिफाइड पेंशन स्कीम–यूपीएस को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। यह स्कीम एक अप्रैल दो हजार पच्चीस से प्रभावी होगी।

****

कल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा । पर्व के कारण प्रदेश भर के बाजार गुलजार हैं। लोग भगवान श्रीकृष्ण की झांकी तैयार करने की सामग्री, व्रत व पूजा पाठ के सामान और बच्चों के लिए कान्हा व राधा के स्वरूप वाले वस्त्र एवं कृत्रिम आभूषण की खरीददारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का धरा पर अवतरण धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना एवं अधर्म, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कारागारों, पुलिस थानों और पुलिस लाइन्स में परम्परागत तरीके से त्योहार मनाने को कहा है। मुख्यमंत्री आज मथुरा जिले में भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार दो सौ इक्यावनवें जन्मोत्सव समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

****

नेपाल में 23 अगस्त को हुई बस दुर्घटना में मरने वाले 25 भारतीयों के पार्थिव शरीर को कल वायुसेना के एक विशेष विमान से महाराष्ट्र के जलगांव भेज दिया गया । वहीं उत्तर प्रदेश के दो लोगों का शव भारत नेपाल बार्डर के रास्ते गोरखपुर जिले में लाया गया। सभी शवों को आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद परिवारों को सौंप दिया गया। हादसे में घायल हुए एक यात्री की हालत अभी भी गंभीर है और वह फिलहाल तेवाट में आईसीयू में है।

इस बीच, नेपाल बस दुर्घटना के दौरान दो अन्य बसों में यात्रा कर रहे अड़तालीस यात्री सुरक्षित तरीके से कल गोरखपुर पहुंचे और वहां से महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गये।

****

बलरामपुर जिले के विकास भवन सभागार में आयोजित स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदी सम्मेलन में महिलाओं ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र के जलगांव में किये गये संबोधन को लाइव सुना। इस मौके पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की तीन हजार अड़तीस लखपति दीदी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

****

उत्तर प्रदेश आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा दो हजार तेईस के तीसरे दिन की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच अब से थोड़े देर पहले सम्पन्न हो गयी। दो पालियों में यह परीक्षा तीस व इकतीस अगस्त को भी आयोजित होगी। कल हुई परीक्षा में बहत्तर संदिग्ध लोग चिन्हित किये गये थे। इसके अलावा गड़बड़ी करने का प्रयास कर रहे सत्रह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया और बीस लोगों को जेल भेजा गया है।

****

नई दिल्ली से भटिंडा जाने वाली किसान एक्सप्रेस ट्रेन का एसी कोच बिजनौर जिले के स्योहारा स्टेशन के पास आज सुबह लिंक से टूट कर अलग गया, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। ट्रेन में सवार पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को वैकल्पिक व्यवस्था कर उनके गंतव्य तक भिजवाया गया।

****